# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

**राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796**


क्रमांकः–प.14(114)RSSB /अर्थना / Jra & tra / संयुक्त भर्ती / 2023 / 2581 दिनांक : 21.3.24

## –:: कार्यालय आदेश ::–

## कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती 2023

कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती–2023 का विज्ञापन दिनांक 20.06.2023 को जारी कर अभ्यार्थियों से आवेदन दिनांक 27.06.2023 से दिनांक 26.07.2023 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। बोर्ड द्वारा दिनांक 23.06.2023 को संशोधित विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें ऑनलाईन संशोधन हेतु आवेदन की अंतिम दिनांक के पश्चात् 07 दिवस के भीतर निर्धारित शुल्क 300 / –रुपये देकर संशोधन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया था।

वर्तमान में कई प्रार्थियों द्वारा आनलॉइन आवेदन में संशोधन की मांग की जा रही है। इस संबंध में बोर्ड द्वारा जारी संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 23.06.2023 एवं कार्यालय आदेश दिनांक 25.07. 2023 द्वारा संशोधन का अवसर प्रदान किया जा चुका है। उक्त भर्ती समान पात्रता परीक्षा(स्नातक) के माध्यम से आयोजित करवाई जा रही है, जिसके अंतर्गत दिनांक 06.12.2023 को परिणाम जारी कर 15 गुणा सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की परीक्षा दिनांक 11.02.2024 को आयोजित करवाई जा चुकी है। अब ऑनलाईन संशोधन करवाए जाने से पूर्व में सूचीबद्ध परिणाम(15 गुणा) में परिवर्तन हो सकता है। अतः इस भर्ती में किसी भी प्रकार का आनलॉइन / ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किया जावेगा। सूचनार्थ।

21.3.24

**(डॉ. बी. सी. बधाल)**
**सचिव**